

# 11 रेखाएँ ही रेखाएँ

## यह किसकी रेखा है?



आज फातिमा के स्कूल में क्रिकेट का मैच है। फातिमा, जसबीर और रहमत अपने घर से स्टम्प लाए हैं।

फातिमा, जसबीर और रहमत ने उन्हें कमरे के एक कोने में रखा।



फातिमा ने अपना स्टम्प **खड़ा** करके रखा।

जसबीर ने अपना स्टम्प **हल्का टेढ़ा** करके रखा।

रहमत ने अपना स्टम्प **लिटाकर** रखा।




दूसरों को बताने के लिए कि किसने अपना स्टम्प कैसे रखा, उन्होंने कॉपी में रेखाएँ खींची।

फातिमा ने **खड़ी** रेखा खींची।

जसबीर ने **टेढ़ी** रेखा खींची।


रहमत ने **लेटी** हुई रेखा खींची।

बच्चों की तस्वीरों को उनकी रेखाओं के साथ मिलाओ।



© NCERT not to be republished

यहाँ कुछ **खड़ी** रेखाएँ, **टेढ़ी** रेखाएँ और **लेटी** हुई रेखाएँ हैं। ऐसी कुछ और रेखाएँ खींचो।










एकता की रेखाएँ सीधी नहीं हैं। वे **मुड़ी** हुई हैं।

कुछ और **मुड़ी** हुई रेखाएँ खींचो।



एकता

© NCERT not to be republished





## रेखाओं के साथ खेल


जिज्ञासा के पास एक घड़ी है। वह उसमें संख्याओं में लिखे गए समय तथा सप्ताह का दिन पढ़ सकती है। यहाँ संख्या और अक्षर सीधी रेखाओं से बने हैं।

जिज्ञासा ने पुरानी माचिस की तीलियों से कुछ और संख्याएँ तथा अक्षर बनाए।



- कुछ इस्तेमाल की हुई माचिस की तीलियों को इकट्ठा करो और मज़े-मज़े में संख्या तथा अक्षर बनाओ।
- क्या ऐसे भी कुछ संख्या और अक्षर हैं जो तुम माचिस की तीलियों की मदद से नहीं बना सकते?
- कुछ संख्याएँ सीधी रेखा का इस्तेमाल करके बनाओ।



- तुम कौन-से अक्षर सीधी रेखाओं का इस्तेमाल करके लिख सकते हो? उनमें से कौन-से आसान हैं?
- पता करो, और कहाँ-कहाँ संख्याओं तथा अक्षरों को लिखने के लिए सीधी रेखा का प्रयोग होता है।



© NCERT not to be republished

## नाचती रेखाएँ

रेम्या ने यातायात पुलिस वाले को गाड़ियों को रास्ता दिखाते हुए देखा।




❋ क्या यातायात पुलिस के हाथ कभी मुड़ी हुई रेखाएँ भी बनाते हैं? ____________

रेम्या ने यातायात पुलिस वाले की तरह नकल करना शुरू किया। उसने कई सीधी तथा मुड़ी हुई रेखाएँ बनाईं। उसे खूब मज़ा आया। यह नाचने की तरह लगता था।




नीचे दी गईं नाच की मुद्राएँ बनाओ और रेम्या की तरह मज़े करो।





कई शास्त्रीय नृत्यों जैसे भरतनाट्यम तथा ओडिसी में ज्यामितीय का इस्तेमाल होता है। बच्चों को तस्वीरों तथा टी.वी. कार्यक्रमों में विभिन्न रेखाओं तथा आकृतियों को देखने के लिए प्रेरित किया जा सकता है।





© NCERT not to be republished

## बिंदुओं के साथ डिज़ाइन

❋ इन बिंदुओं को आपस में सीधी या मुड़ी हुई रेखाओं से जोड़ो।

अपना डिज़ाइन स्वयं बनाओ।



© NCERT not to be republished

## तस्वीरों में रेखाएँ

लोक कलाकारों के द्वारा बनाई गई इन तस्वीरों को नैन्सी ने देखा।

- यहाँ अलग-अलग तरह की रेखाओं को देखो – मुड़ी हुई, खड़ी हुई, टेढ़ी और लेटी हुई।



- जैसे ऊपर दिखाया गया है वैसे ही कुछ और तस्वीरों को बनाओ।